
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण




5 यूएस वीजा प्रोसेस में देरी से कंपनियों पर असर



6 शिक्षकों पर चुनाव ड्यूटी का भार



7 मस्क की संपत्ति 67.18 लाख करोड़ हुई



8 पाकिस्तान ने जीता अंडर-19 एशिया कप

# अटलजी राजनीति के प्रेरणा स्रोत

## 'शून्य से शतक' समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा

- अटल बिहारी के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजन
- मुख्यमंत्री और राज्यपाल रहे मौजूद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर रविवार को डेली कॉलेज स्थित धीरूभाई अंबानी सभागृह में हुए 'शून्य से शतक' समारोह में देश और प्रदेश का सर्वोच्च नेतृत्व मंच पर उपस्थित रहा. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अटलजी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला नेता बताया. अटलजी भारतीय राजनीति के प्रेरणा स्रोत है. वहीं राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें राजनीति का आदर्श चरित्र और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का प्रतीक कहा. जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाजपेयी को भारत की परिकल्पना और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला बताकर श्रद्धांजलि दी.**




दोपहर 2 से 4 बजे तक चले कार्यक्रम में हजारों लोग उपस्थित रहे. चार विशिष्ट हस्तियों को 'अटल अलंकरण' से सम्मानित किया और 'सदा अटल महाग्रंथ' के तीसरे संस्करण का लोकार्पण हुआ. समारोह में चार विशिष्ट व्यक्तित्वों को 'अटल अलंकरण' से सम्मानित किया, जिनमें सर्वप्रथम वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, क्रिकेट चयन समिति के पूर्व सदस्य संजय जगदाले और सागर के पारंग शुक्ला रहे. सम्मानित विभूतियों के मंच पर आते ही लंबे समय तक तालियां गूंजती रही.

**वे विचार और मिशन थे:** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और मिशन थे. उनकी दूरदर्शी सोच और कार्यों ने आधुनिक भारत की आधारशिला रखी. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, दिल्ली मेट्रो, पोखरण परीक्षण और नए राज्यों के गठन जैसी पहलों से उन्होंने भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त किया. वहीं उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अटलजी की विरासत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प तक पहुंच रही है. उन्होंने राजनीति को सिद्धांतवादी, सुशासन आधारित और करुणामयी बताया.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. वाजपेयी राष्ट्र नीति के शिखर पुरुष और भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक थे. विपक्ष और सत्ता दोनों ने अटलजी से राजनीतिक संस्कार सीखे. पोखरण परीक्षण, कारगिल नेतृत्व और संयुक्त राष्ट्र मंच पर हिंदी का भाषण इन सभी ने भारत का गौरव बढ़ाया. शताब्दी वर्ष समापन पर ग्वालियर में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक निवेश कार्यक्रम अटलजी को समर्पित होंगे.

# आरएसएस को बीजेपी से जोड़ना भूल : मोहन भागवत



**कोलकाता, 21 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को आरएसएस के शताब्दी समारोह के मौके पर एक कार्यक्रम में भाग लिया. यह कार्यक्रम कोलकाता के साइंस सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था.**

यहां मोहन भागवत ने कहा कि संगठन को लेकर समाज के एक वर्ग में कई गलतफहमियां हैं, जो भ्रामक अभियानों की वजह से फैलाई जा रही हैं. संघ का कोई दुश्मन नहीं है, लेकिन कुछ ऐसे लोग जरूर हैं, जिनके संकीर्ण स्वार्थ संघ के आगे बढ़ने से प्रभावित होते हैं.भागवत ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आरएसएस के बारे में राय बनाने का अधिकार है, लेकिन यह राय हकीकत पर आधारित होनी चाहिए, न कि अफवाहों, बनाए गए नैरेटिव्स या द्वितीयक स्रोतों की जानकारी पर. उन्होंने बताया कि संघ की वास्तविकता लोगों के सामने लाने के लिए देश के चार शहरों कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में व्याख्यान और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

> मोहन भागवत ने स्पष्ट किया किसंघ हिंदू समाज के कल्याण और संरक्षण के लिए काम करता है और उसका उद्देश्य सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण है. उन्होंने भरोसा जताया कि भारत फिर से 'विश्वगुरु' बनेगा और इसके लिए समाज को तैयार करना संघ का कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि बहुत से लोग आरएसएस को केवल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से जोड़कर देखते हैं, जो एक बड़ी भूल है. उनके अनुसार, संघ का कार्यक्षेत्र राजनीति से कहीं व्यापक है.

## एक नजर में



### वीबी-जी राम दी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली. राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम दी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है. इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है. इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है. सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है. सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी. बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी.

### कभी भी 'हिंदी थोपने' नहीं देगा तमिलनाडु

नागपट्टिनम (तमिलनाडु) नई दिल्ली. तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा एक बार फिर ''हिंदी थोपने'' का प्रयास किया जा रहा है और राज्य इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. दिवंगत गायक और द्रमुक नेता नागोर ई. एम. हनीफा (1925-2015) की जन्म शताब्दी के अवसर पर एक कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयनिधि ने की. उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक एम. करुणानिधि की तरह हनीफा स्वतंत्रता-पूर्व युग में पेरियार ई. वी. रामासामी के सुधारवादी लेखन से प्रभावित थे. उन्होंने कहा कि जब पेरियार ने 1930 के दशक में हिंदी थोपने के खिलाफ ''युद्ध'' की घोषणा की, तो इन दोनों नेताओं ने इस संघर्ष में एकजुट होकर उनका साथ दिया.

### बीएसएफ में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 50% कोटा

नई दिल्ली. पूर्व अग्निवीरों के लिए बड़ी खुशखबरी है. गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल भर्ती को लेकर नियमों में संशोधन किया है और नई अधिसूचना जारी की है. यह नोटिफिकेशन भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है. नई व्यवस्था के तहत बीएसएफ में सीधी भर्ती के माध्यम से होने वाली कांस्टेबल भर्ती में हर भर्ती वर्ष में 50 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए जाएंगे. इसके अलावा 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्व सैनिकों को मिलेगा, जबकि 3 प्रतिशत तक पद कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) के समायोजन के लिए रखे गए हैं. आयु सीमा की बात करें तो कांस्टेबल (जीडी) पद के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष तय की गई है.

# यात्रीगण ध्यान दें...ट्रेन का सफर महंगा

- यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे
- 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वाले नहीं होंगे प्रभावित



**नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वार्ता) रेलवे ने यात्री किराये के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे. नयी दरें 26 दिसंबर से प्रभावी होंगी.**

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराये में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गयी है. वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकुलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा. इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है. इसी तरह से गैर वातानुकुलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे. रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आमदनी होगी. रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है.

## उत्तराखंड के सभी स्कूलों में अब भगवद् गीता अनिवार्य

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य के सभी स्कूलों में अब भगवद् गीता के श्लोकों का पाठ अनिवार्य कर दिया गया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री धामी ने कहा- इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और जीवन दर्शन से जोड़ना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके. हमारी सरकार ने राज्य के स्कूलों में गीता के श्लोकों का पाठ अनिवार्य किया है. गीता के उपदेश बच्चों में आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद करेंगे.

# एक्यूआई लगातार 'गंभीर' श्रेणी में

## दिल्ली के गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज

**नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वार्ता) दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में बना रहा. शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ.**



बारापुला फ्लाईओवर पर एक्यूआई 382 और धौलाकुआं पर 397 रहा, जो दोनों बहुत खराब श्रेणी में आते हैं. शनिवार की तुलना में हालांकि, कुछ सुधार दिखा है.

शनिवार को कई इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया था. रविवार को दिन चढ़ने के साथ वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ. दोपहर करीब 12 बजे पीएम 10 कणों का स्तर 270 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और अधिक खतरनाक पीएम 2.5 का स्तर 200 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया.



# महाराष्ट्र पुलिस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री के पुत्र को किया गिरफ्तार

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हीरालाल सिलावट के बेटे यशवंत सिलावट को रविवार दोपहर महाराष्ट्र की धूलिया पुलिस गिरफ्तार कर ले गई। टाउन हॉल पर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान यशवंत सिलावट शामिल हुए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद उन्हें पुलिस ने वाहन में बिठाया और कोतवाली ले गई। बताया जा रहा है कि धूलिया में सिलावट पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। एक साल पुराने मामले में सिलावट को फरार बताया जा रहा था। महाराष्ट्र पुलिस उनकी तलाश में थी। अधिक जानकारी पुलिस नहीं बता रही है।

# बिना एंट्रेंस एग्जाम के मिलेगी स्कॉलरशिप

## रूसी संघ 2026-27 शैक्षणिक वर्ष के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली, 21 दिसंबर. रूस ने भारतीय छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। रूस में अब भारतीय छात्रों को बिना एंट्रेंस एग्जाम दिए सरकारी छात्रवृत्तियां दी जएंगी। यह छात्रवृत्ति स्नातक से लेकर उच्चतर प्रशिक्षण तक के पाठ्यक्रमों को के लिए दी जाती हैं। इसका चयन शैक्षणिक रिकॉर्ड और पोर्टफोलियो के आधार पर किया जाता है।**




रूसी प्रशासन के अनुसार, छात्रवृत्ति स्नातक से लेकर पीएचडी और उन्नत प्रशिक्षण तक के कोर्स कवर करती है, जिसमें मेडिसिन, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, स्पेस स्टडीज जैसे विषय शामिल हैं। कई कोर्स अंग्रेजी में उपलब्ध हैं। वहीं रूसी भाषा नहीं जानने वालों के लिए एक साल का प्रीपरेटरी भाषा कोर्स का विकल्प है। जो छात्र रूसी सीखना चाहते हैं, वे अपनी मुख्य पढ़ाई शुरू करने से पहले एक वर्षीय प्रारंभिक भाषा पाठ्यक्रम ले सकते हैं।

रूसी संघ 2026-27 शैक्षणिक वर्ष के लिए अपने सरकारी छात्रवृत्ति कार्यक्रम में भारतीय छात्रों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के छात्रों को रूस में विभिन्न विषयों और विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता करना है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और छात्रों को मॉस्को, सेंट पीटर्सबर्ग, कज़ान, व्लादिवोस्तोक, कैलिनिनग्राद और अन्य क्षेत्रों सहित कई रूसी विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने का अवसर मिल सकता है। सबसे खास बात यह है कि इस छात्रवृत्ति के लिए चयन प्रक्रिया में कोई प्रवेश परीक्षा शामिल नहीं है।

# हिंदी सलाहकार समिति की सदस्य बनीं एक्ट्रेस कंगना

- मप्र के सांसद रोडमल नागर भी है समिति में शामिल





**नई दिल्ली। मशहूर एक्ट्रेस और मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनौत को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। अब से कंगना हिंदी के प्रचार प्रसार का काम भी करेंगी। उन्हें संस्कृति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है।**

संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, कंगना रनौत सहति छह सांसदों को मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इस समिति के पदेन अध्यक्ष हैं, जबकि मंत्रालय में राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह समिति के पदेन उपाध्यक्ष होंगे। कंगना के अलावा जिन पांच सांसदों को समिति का सदस्य बनाया गया है, उनमें अरुणाचल प्रदेश से बीजेपी की राज्यसभा सांसद नेबाम रेबिया, मध्य प्रदेश से बीजेपी के लोकसभा सांसद रोडमल नागर और हरियाणा से सांसद बीजेपी के राज्यसभा सांसद राम चंदर जांगरा भी शामिल हैं।

**दौरा** | पीएम मोदी ने किया अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का शिलान्यास

# असम ने विकास की नई गति पकड़ ली

**डिब्रूगढ़/नई दिल्ली, 21 दिसंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि असम विकसित भारत के विकास की धुरी और उत्तर-पूर्व विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा.**



उन्होंने रविवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (बीवीएफसीएल) की नई अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का शिलान्यास किया. पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि असम ने विकास की नई गति पकड़ ली. कार्यक्रम में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल मौजूद रहे.

> परीक्षा में चर्चा असम के स्टूडेंट्स के लिए खास तोहफा बन के आया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने असम के दौरे के दूसरे दिन ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर सवार हुए. इस क्रूज पर उनके साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के के लिए 25 छात्रों को भी मौका दिया गया. पीएम मोदी ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर पर्यटन क्रूज पोत एमवी चराइदेव पर करीब 40 मिनट छात्रों से चर्चा की.

# बार में गोलीबारी में नौ की मौत

- जोहान्सबर्ग के बेकर्सडाल में हुआ हमला
- 12 अज्ञात बंदूकधारी ने की फायरिंग

**जोहान्सबर्ग, 21 दिसंबर (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के बेकर्सडाल में एक मदिरालय( बार ) में हुए हमले में दो महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हैं.**



पुलिस के अनुसार लगभग 12 अज्ञात बंदूकधारी दो वाहनों में सवार होकर आए और बार में मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. वे घटनास्थल से भागते समय भी लगातार फायरिंग करते रहे. ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग के अनुसार, यह गोलीबारी रविवार को स्थानीय समयानुसार लगभग दिन में एक बजे हुई. पुलिस ने बताया कि अभी तलाशी अभियान जारी है. गौरतलब है दक्षिण अफ्रीका दुनिया की सबसे अधिक हत्या दर वाले देशों में से एक है. पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल और सितंबर के बीच औसतन हर दिन 63 लोग मारे गए.

## 21 हजार विद्यार्थियों को दी डिग्रियां और स्वर्ण पदक

**गोधरा.** गुजरात में पंचमहाल जिले के विंझोल स्थित श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह राज्यपाल आचार्य देवव्रत की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न संकायों के 21 हजार से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए गए. इसके अतिरिक्त लगभग 140 विद्यार्थियों को डॉक्टरेट (पीएचडी.) की उपाधि भी प्रदान की गई. श्री देवव्रत ने इस अवसर पर भारत की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक श्री गुरु गोविंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री उन्होंने आदिवासी समाज में प्रचलित कुरीतियों को दूर कर समाज सुधार का कार्य किया और युवाओं के लिए प्रेरक भूमिका निभाई.

## गुस्ताखी माफ

